प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 31 जनवरी, 2014

-झारखण्ड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति ने विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल से भेंट की.

झारखण्ड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति ने आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान विधानसभा का अवलोकन किया। समिति के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभा भवन, पुस्तकालय, सेन्ट्रल हॉल एवं समिति कक्ष का अवलोकन किया।

समिति के सदस्यों ने विधानसभा परिसर में विधानसभा अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। झारखण्ड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति के सभापति श्रीमती मेनका सरदार एवं सदस्य श्रीमती विमला प्रधान, श्रीमती सुधा चौधरी, श्री गुरूचरण नायक, श्री गिरवरधारी प्रसाद थे।